यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India

अच्छे लोग, अच्छा बैंक Good people to bank with

आज़ादी का अमृत महोत्सव

G20 भारत 2023 INDIA




# हम सबको भाता







संसदीय राजभाषा समिति निरीक्षण, दिल्ली, दिनांक -16-01-2023

@unionbankofindia @UnionBankTweets UnionBankInsta YouTube UnionBankofIndiaUtube @unionbankofindia


अरे मित्र दक्ष, ऐसे भुनभुनाते हुए कहां से आ रहे हो?
बैंक से.
तुम तो जानते ही हो कि बैंक में मेरा खाता कितना पुराना है.
हां, वर्षों पहले हम दोनों ने बैंक में साथ-साथ ही तो खुलवाया था. पर अब क्या हुआ?
कभी कहते हैं इतना सारा कैश जमा नहीं करेंगे तो कभी कहते हैं तुम्हारे खाते में बहुत ज्यादा लेनदेन हो रहे हैं.
अच्छा, पर उन्होंने मुझे तो कभी नहीं टोका फिर तुम्हारे संग ही ऐसी समस्या क्यों है?


दरअसल कुछ समय पहले मैंने अपनी इलेक्ट्रिक सामान की दुकान शुरू की था.धंधा भी अच्छा चल पड़ा है.
इस कारण मेरे खाते में लेनदेन बहुत ज्यादा बढ़ गया है. लगता है इसी वजह से सारी परेशानी है.
ठीक है. हम कल ही शाखा प्रबंधक के पास चलते हैं और तुम्हारी समस्या पर बात करते हैं.
अगले दिन शाखा प्रबन्धक के केबिन में
महोदय, जब मेरे मित्र के खाते से कोई परेशानी नहीं है तो मेरे खाते से क्यों ?


आईए बैठिए, यह बताएं कि आप का खाता कौन सा है बचत या चालू खाता?
क्या खाते भी अलग-अलग होते हैं? मैं तो वर्षों से यही खाता चलाता आ रहा हूं.
जी हां, बचत खाता मुख्य तौर पर सामान्य बचत एवं छोटे-मोटे खर्चों के लिए प्रयोग में लाया जाता है.
अधिकांश लोग जैसे वेतन भोगी, पेंशनर, महिलाएं इत्यादि इसी तरह का खाता खोलते हैं.
बैंक इस बचत पर कुछ ब्याज भी देता है. डेबिट क्रेडिट कार्ड और इंटरनेट बैंकिंग की सुविधा भी मिलती है.


यह तो ठीक है पर एक बार आपने मेरे पिताजी का खाता डोरमेंट कर दिया था.
हां, उसमें लंबे समय से कोई लेन-देन नहीं हुआ था, परंतु दोबारा केवाईसी पूरी करने पर हमने उसे तुरंत एक्टिव भी कर दिया था.
लेकिन मेरे खाते में तो बहुत अधिक लेनदेन हो रहे हैं, फिर उसमें क्यों अड़चन डाली जा रही है.
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India
अच्छे लोग, अच्छा बैंक Good people to bank with
बचत खाते में सीमित संख्या में लेनदेन की अनुमति है यही कारण है कि बैंककर्मी आपको बार-बार चालू खाता खोलने की सलाह दे रहे हैं .
इसमें आप आराम से व्यापारिक लेनदेन कर सकते हैं.


तो अब मैं कितने भी लेनदेन करूं, चेक या कैश जमा करूं अथवा नेफ्ट/आरटीजीएस/आईएमपीएस करूं, कोई रोक-टोक नहीं होगी.
बिल्कुल नहीं, यह बना ही व्यापारिक लेनदेन के लिए है पर इसमें बचत खाते की तरह कोई ब्याज नहीं मिलता.
यह हमारी अधिकारी नेहा हैं. यह आपको सारी बातें विस्तार से समझा देंगी.
फिर भी कोई आवश्यकता हो तो आप बेहिचक मुझ से मिल सकते हैं.
अच्छा, इस खाते को खुलवाने के लिए कौन-कौन से डाक्यूमेंट्स चाहिए?
नकदी
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India
अच्छे लोग, अच्छा बैंक Good people to bank with


एसोसिएशन /सोसायटियों /एसएचजी /क्लबों के लिए :
1. पंजीकरण का प्रमाणपत्र (यदि पंजीकृत है)
2. खाता खोलने और संचालित करने के लिए एसोसिएशन की प्रबंध समिति का संकल्प.
3. प्रबंध समिति के सदस्यों की सूची
4. संस्था के नाम पर टेलीफोन/उपयोगिता बिल
5. खाता खोलने और संचालित करने का संकल्प.
ट्रस्ट के लिए :1. पंजीकरण का प्रमाणपत्र, ट्रस्ट विलेख/सेटलर्स की घोषणा
2. खाता खोलने और संचालित करने के लिए ट्रस्ट की प्रबंध समिति का संकल्प
3. ट्रस्टियों की सूची
4. ट्रस्ट के नाम पर टेलीफोन/उपयोगिता बिल.
और पब्लिक/प्राइवेट लिमिटेड कंपनियों/सेक्शन 25 कंपनियों/बैंकिंग कंपनियों/संयुक्त उद्यम/पूर्ण स्वामित्व वाली कंपनियों के लिए?


1. मेमोरेंडम एंड आर्टिकल ऑफ एसोसिएशन
2. निगमन का प्रमाणपत्र
3. खाता खोलने के लिए जारी निदेशक मंडल का संकल्प/पावर ऑफ अटॉर्नी.
4. कंपनी के नाम पर टेलीफोन/उपयोगिता बिल.
5. निदेशकों की वर्तमान सूची
6. केंद्र सरकार द्वारा जारी लाइसेंस (केवल धारा 25 कंपनी के लिए) की प्रति.
हिंदू अविभाजित परिवार के लिए : सह-समांशियों द्वारा हस्ताक्षरित एचयूएफ पत्र, कर्ता से घोषणा पत्र और सभी सदस्यों के केवाईसी.
पर मेरा तो एकल स्वामित्व वाला खाता है ?
इसमें आपका पैन नंबर,पते का प्रमाण, जीएसटी संख्या और काम के लिए कोई अनुमति पत्र चाहिए तो उसकी प्रति भी.


अच्छा, चालू खाते में हमें क्या सुविधाएं मिलती हैं.
1. इसमें बहीखाता रखना आसान हो जाता है और आपको अपने आय और व्यय खातों को व्यवस्थित करने में मदद मिलती है.
2. खाते में लेनदेन की संख्या पर कोई प्रतिबंध नहीं. 3.एटीएम कार्ड व्यक्तिगत चालू खातों, संयुक्त व्यक्तियों और स्वामित्व प्रतिष्ठानों के खातों को दिए जाते हैं.
4.खाते का विवरण आवश्यकतानुसार (मासिक/त्रैमासिक/अर्धवार्षिक/वार्षिक) जारी किया जाता है.
आपने बताया कि करंट अकाउंट पर बैंक कोई ब्याज नहीं देता तो क्या उसकी जगह कोई और सुविधा देता है?


सर, यह आपने बहुत अच्छा प्रश्न करा है.
यूनियन क्लासिक करंट अकाउंट में अगर आप रु.50000 से रु. 500000 तक मासिक औसत शेष(एमएबी) रखते हैं तो प्रति माह एमएबी का 10 गुना मुफ्त नकद जमा करा सकते हैं.
इसके अतिरिक्त प्रतिवर्ष चेक बुक के 100 पन्ने निशुल्क मिलेंगे.
और रु. 500000 से अधिक मासिक औसत शेष हो तो?
तो प्रति माह एमएबी का 15 गुना मुफ्त नकद जमा करा सकते हैं और प्रतिवर्ष चेक बुक के 200 पन्ने निशुल्क मिलेंगे.



करंट अकाउंट में कंपनियों/फर्मों के कर्मचारियों के लिए वेतन खाते-यूएसएसए और निदेशकों/प्रवर्तकों/भागीदारों/मालिकों के लिए एसबीएचएनआई खाता खुलवाने का लाभ भी मिलता है.
अब आप की कोई और शंका या जिज्ञासा हो तो बताईये.
नहीं सर, अब कोई शंका नहीं बची, नेहा मैडम ने बहुत अच्छे से समझा दिया है. मैं अभी चालू खाता खुलवाता हूं.
यूनियन बैंक Union Bank
अच्छे लोग, अच्छा बैंक Good people to bank with
महीने भर बाद
कहिए अब तो आपको बैंक से कोई शिकायत नहीं.
चालू खाता
शिकायत तो अवश्य है, पर अपने आप से.




आलोक भार्गव द्वारा रेखांकित व यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, जमा संग्रहण विभाग के समन्वयन से राजभाषा कार्यान्वयन प्रभाग, मानव संसाधन विभाग, केंद्रीय कार्यालय, मुंबई द्वारा प्रकाशित.

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India
अच्छे लोग, अच्छा बैंक Good people to bank with